दैनिक
नया तेवर, नया कलेवर
यशोभूमि

भारत-रूस व्यापार बढ़ाने के लिए तकनीक पर दिया जोर

यशोभूमि/प्रतिनिधि

मुंबई। भारत और रूस के बीच बढ़ते व्यापार असंतुलन को पाटने के लिए स्थानीय विनिर्माण, बाजार पहुंच और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण को बढ़ावा देने पर दोनों देशों के व्यापारिक प्रतिनिधियों ने बल दिया है। एमवीआईआरडीसी वर्ल्ड ट्रेड सेंटर मुंबई में रूस के लेनिनग्राद क्षेत्र से आए 12 सदस्यीय उच्चस्तरीय व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल

रूसी प्रतिनिधिमंडल ने वर्ल्ड ट्रेड सेंटर मुंबई का किया दौरा

के साथ आयोजित एक संवाद सत्र के दौरान यह विचार सामने आए। इस प्रतिनिधिमंडल में फार्मास्यूटिकल्स, उर्वरक, वेस्ट-टू-एनर्जी और विनिर्माण क्षेत्र से जुड़े प्रमुख उद्योगपति शामिल थे। 'बिजनेस रूस पब्लिक ऑर्गनाइजेशन' की भारत के लिए बिजनेस एम्बेसडर



55 अरब डॉलर के व्यापार घाटे पर जताई चिंता

प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करते हुए एमवीआईआरडीसी वर्ल्ड ट्रेड सेंटर मुंबई के चेयरमैन और ऑल इंडिया एसोसिएशन ऑफ इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष डॉ. विजय कलंत्री ने मौजूदा 55 अरब डॉलर के व्यापार घाटे पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा, वैश्विक चुनौतियों के बावजूद भारत और रूस के आर्थिक संबंध लगातार मजबूत हुए हैं, लेकिन हाल के वर्षों में करीब 55 अरब डॉलर का बड़ा व्यापार असंतुलन उभरा है। इसे पाटने के लिए हमें संयुक्त उपक्रमों, तकनीक साझा करने, नए व्यापार निपटान तंत्र और रक्षा उत्पादन जैसे क्षेत्रों में परस्पर सहयोग बढ़ाने की जरूरत है। रूस की रक्षा तकनीक और क्षमता के दम पर भारत दुनिया भर में रक्षा निर्यात के लिए एक बड़ा लॉन्चपैड बन सकता है।

ओल्गा कुलिकोवा ने कहा कि रूसी कंपनियों में भारतीय उत्पादों के प्रति नई दिलचस्पी देखी जा रही है, जो द्विपक्षीय व्यापार में विविधता लाने के प्रयासों को दर्शाती है। उन्होंने कहा, भारत से रूस को होने वाले निर्यात में लगातार वृद्धि हुई है, फिर भी इसका कुल मूल्य काफी कम है जो दोनों देशों के बीच मौजूद असीम संभावनाओं की ओर इशारा करता है। चीन और दक्षिण-पूर्व एशिया के मुकाबले भारतीय उत्पादों की गुणवत्ता व प्रतिस्पर्धात्मकता को लेकर रूसी व्यापारियों में जागरूकता बढ़ाकर इस अंतर को कम किया जा सकता है। लेनिनग्राद क्षेत्र की संस्था 'कोर्चेगा' के निदेशक एलेक्सी चेरनुखिन ने अपने क्षेत्र की औद्योगिक क्षमताओं का उल्लेख करते हुए कहा कि सेंट पीटर्सबर्ग और उसके बंदरगाहों के जरिए बेहतरीन कनेक्टिविटी उपलब्ध है।